डाक पंजीयन क्र./छ.ग./रायपुर संभाग/14/2024-2026

आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या CHHHIN/2002/09534

# रोजगार और नियोजन

वर्ष-23, अंक-22, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित

17 दिसंबर 2025 बुधवार, पृष्ठ संख्या 24, निःशुल्क

**विशेष पहल**

## पर्यटन के लिए युवा तैयार

मुख्यमंत्री श्री साय की विशेष पहल पर छत्तीसगढ़ में पर्यटन प्रबंधन को सशक्त बनाने के लिए 45 युवाओं को भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान, ग्वालियर में एक माह का टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण दिया गया। इनमें अधिकांश युवा बस्तर क्षेत्र से हैं, जिन्हें राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर गाइड के रूप में तैनात किया जाएगा। मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री ने प्रशिक्षित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि राज्य की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर छत्तीसगढ़ को पर्यटन हब बनाने में सक्षम है।

**अवलोकन**

## छत्तीसगढ़ में नई सिंचाई तकनीक

भोपाल में मध्यप्रदेश जल संसाधन विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रेशर इरिगेशन नेटवर्क (PIN) की उन्नत सिंचाई तकनीक का अवलोकन मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने किया। यह तकनीक पारंपरिक नहर सिंचाई की तुलना में 65% तक दक्षता बढ़ाती है, पानी का अपव्यय कम करती है और बिजली बचाती है। छत्तीसगढ़ में भी इसे लागू किया जाएगा, ताकि किसानों को कम पानी में अधिक सिंचाई सुविधा और बेहतर उत्पादन मिल सके।

**दीक्षांत समारोह**

## शिक्षा, और सफलता उत्सव

रायपुर में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के मुख्य आतिथ्य में हुआ। राज्यपाल श्री रमेन डेका की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में 36950 स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र, 92 गोल्ड मेडल विजेता और 64 शोधार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। अतिथियों ने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, कौशल निखारने, अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी।



# जन-जन तक पर्यटन पहुँचाने का संकल्प

**मुख्यमंत्री जन पर्यटन प्रोत्साहन योजना**

छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री जन पर्यटन प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की जा रही है। योजना के तहत विशेष टूर पैकेज में 75% सब्सिडी, वातानुकूलित वाहन, गाइड, भोजन और ट्रैवल इंश्योरेंस की सुविधा शामिल होगी।

छत्तीसगढ़ में पर्यटन विभाग और आईआरसीटीसी संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री जन पर्यटन प्रोत्साहन योजना के तहत विशेष टूर पैकेज शुरू करने जा रहे हैं। रायपुर और बस्तर क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों को शामिल करते हुए तैयार किए गए ये पैकेज प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक और प्राकृतिक विरासत को बढ़ावा देंगे। इससे छत्तीसगढ़ की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त होगी। योजना के तहत पर्यटकों को 75 प्रतिशत तक सब्सिडी मिलेगी, जबकि 2 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए यह छूट 85 प्रतिशत होगी। सभी पैकेजों में वातानुकूलित वाहन, हिंदी-अंग्रेजी गाइड, भोजन और ट्रैवल इंश्योरेंस उपलब्ध रहेगा।

### चार प्रमुख टूर पैकेजों की घोषणा

**रायपुर सिटी टूर (दिवसीय)**

- राम मंदिर, ऊर्जा पार्क, पुरखौती मुक्तांगन, छत्तीसगढ़ ट्राइबल म्यूजियम, नंदनवन जू और कौशल्या माता मंदिर का भ्रमण
- वातानुकूलित वाहन और गाइड की सुविधा
- प्रस्थान एवं समापन: रायपुर रेलवे स्टेशन

**रायपुर सिटी धार्मिक टूर (दिवसीय)**

- हनुमान मंदिर, मां बंजारी मंदिर, कैवल्य धाम जैन मंदिर, इस्कॉन मंदिर, महामाया मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, राम मंदिर और कौशल्या माता मंदिर शामिल
- प्रस्थान एवं समापन: रायपुर रेलवे स्टेशन

**रायपुर–जगदलपुर सर्किट टूर (02 रात / 03 दिन)**

- चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़, कुटुमसर गुफा, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान और दंतेश्वरी मंदिर का भ्रमण
- डबल-शेयरिंग होटल आवास
- दैनिक भोजन और यात्रा बीमा शामिल

**रायपुर–सिरपुर–बारनवापारा सर्किट टूर (01 रात / 02 दिन)**

- सिरपुर के ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थलों की सैर
- बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी
- होटल आवास, स्नैक्स, भोजन और वातानुकूलित वाहन सुविधा

### स्थानीय पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

“पर्यटन को जन–जन तक पहुँचाने और आर्थिक विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए यह योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री जन पर्यटन प्रोत्साहन योजना हमारे छत्तीसगढ़ पर्यटन को नई उड़ान देने का सशक्त माध्यम बनेगी। मेरा लक्ष्य है कि राज्य की सांस्कृतिक, धार्मिक और प्राकृतिक धरोहर को हर नागरिक और पर्यटक तक पहुँचाकर प्रदेश की पहचान और समृद्धि को मजबूत किया जाए।”



**श्री विष्णु देव साय**
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

**सम्मान**

## हीराबाई झरेका बघेल को राष्ट्रीय पुरस्कार

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की प्रसिद्ध ढोकरा–बेलमेटल शिल्पकार श्रीमती हीराबाई झरेका बघेल को नई दिल्ली



स्थित विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों की ओर से उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह सम्मान केवल श्रीमती हीराबाई झरेका बघेल का नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के हर शिल्पकार का सम्मान है। हमारा राज्य अपनी कला, संस्कृति और हस्तशिल्प पर गर्व करता है। राज्य सरकार कला-संरक्षण, प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन और बाजार विस्तार के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है, ताकि ग्रामीण व वनवासी क्षेत्रों की प्रतिभाएं लाभान्वित हों और विश्व मंच पर अपनी पहचान बना सकें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ग्राम पंचायत बैगीनडीह जैसे वनांचल क्षेत्र से निकलकर अपनी विशिष्ट शिल्पकला के माध्यम से देशभर में छत्तीसगढ़ की पहचान को नई ऊँचाइयाँ देने वाली श्रीमती बघेल की उपलब्धि हमारे प्रदेश की समृद्ध लोककला, परंपरा और ग्रामीण प्रतिभा की अद्भुत चमक को राष्ट्रीय मंच पर पुनर्स्थापित करती है।

**कैबिनेट बैठक**

## तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में नक्सली पुनर्वास, कानूनों के



सरलीकरण और वित्तीय विनियोग से संबंधित प्रमुख प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।

**1. प्रकरण वापसी को मंजूरी**
मंत्रिपरिषद ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के विरुद्ध दर्ज आपराधिक प्रकरणों की समीक्षा और न्यायालय से वापसी की प्रक्रिया को मंजूरी दी। इसके लिए मंत्रिपरिषद उपसमिति बनाई जाएगी। जिला समिति मामलों की जांच कर रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को भेजेगी। केंद्रीय अधिनियमों के मामलों में भारत सरकार से अनुमति प्राप्त की जाएगी।

**2. जन विश्वास विधेयक अनुमोदित**
बैठक में 14 अधिनियमों के 116 प्रावधानों में संशोधन के लिए छत्तीसगढ़ जन विश्वास विधेयक 2025 को मंजूरी दी गई। छोटे उल्लंघनों पर प्रशासकीय दंड का प्रावधान किया गया है, जिससे मामलों का त्वरित निपटारा होगा और न्यायालयों पर बोझ कम होगा।

**3. विनियोग विधेयक को स्वीकृति**
मंत्रिपरिषद ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम अनुपूरक अनुमान के प्रस्तुतीकरण के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक, 2025 को मंजूरी दी।

**नई गाइडलाइन**

नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि मूल्यांकन नियमों में बड़े बदलाव, नागरिकों पर आर्थिक बोझ कम करने सरकार का महत्वपूर्ण प्रयास

# गाइडलाइन दरों में बड़े बदलाव, मूल्यांकन प्रक्रिया अब और अधिक सरल बनी

राज्य में 20 नवंबर 2025 से लागू नई गाइडलाइन दरों पर प्राप्त सुझावों, ज्ञापनों और आपत्तियों की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी के निर्देश पर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक 07 दिसंबर को आयोजित की गई। बैठक में पंजीयन एवं मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल और जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सरकार का उद्देश्य आम जन पर आर्थिक बोझ कम करते हुए रियल एस्टेट सेक्टर में संतुलन और विश्वास बहाल करना है।

**इंक्रीमेंटल प्रणाली समाप्त**
बैठक में नगरीय क्षेत्रों में भूमि मूल्यांकन हेतु लागू इंक्रीमेंटल आधार वाली व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया। अब पुनः पूर्व प्रचलित स्लैब आधारित प्रणाली लागू रहेगी।

- नगर निगम: 50 डिसमिल
- नगर पालिका: 37.5 डिसमिल
- नगर पंचायत: 25 डिसमिल
- इस परिवर्तन से मूल्यांकन प्रक्रिया सरल होने के साथ ही नागरिकों को राहत मिलेगी।




**मूल्यांकन अब बिल्ट-अप एरिया पर**
बहुमंजिला भवनों में संपत्ति पंजीयन के समय अब सुपर बिल्ट-अप एरिया के बजाय बिल्ट-अप एरिया को आधार मानकर मूल्यांकन किया जाएगा।

**कॉम्प्लेक्स में तल अनुसार विशेष छूट**
- बहुमंजिला और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में
- बेसमेंट और प्रथम तल पर 10% छूट
- द्वितीय तल और ऊपर के सभी तल पर 20% छूट
- इससे मध्यम वर्ग को अधिक किफायती आवासीय एवं व्यावसायिक इकाइयाँ उपलब्ध होंगी

**ग्रामीण क्षेत्रों में कई बड़े सुधार**
- परिवर्तित भूमि पर सिंचित भूमि के ढाई गुना मूल्य जोड़ना समाप्त
- दो फसली भूमि पर 25% अतिरिक्त मूल्य हटाया गया
- ट्यूबवेल, कुआँ, वृक्ष, वाणिज्यिक फसलों का मूल्य भूमि में जोड़ने की व्यवस्था समाप्त

**शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में राहत**
- 25 से 37.5 डिसमिल तक की कृषि भूमि का मूल्यांकन अब वर्गमीटर की जगह हेक्टेयर दर से किया जाएगा

शेष पेज 03 पर

## पिक ऑफ द वीक

बस्तर ओलम्पिक का शुभारंभ

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम, जगदलपुर में संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक 2025 का विधिवत शुभारंभ किया। सातों जिलों के खिलाड़ियों ने भव्य मार्च पास्ट से सभी का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री ने युवाओं के उत्साह, नुआ बाट के प्रतिभागियों की सक्रिय उपस्थिति और बेटियों की बढ़ती सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि सरकार खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।



## जॉब अलर्ट

**इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन**
पदः अप्रेंटिस
पद संख्याः 2755
अंतिम तिथिः 18 दिसंबर
iocl.com

**महाराष्ट्र विद्युत निगम**
पदः सीनियर मैनेजर
पद संख्याः 120
अंतिम तिथिः 22 दिसंबर
www.mahatransco.in

**GPRB**
पदः कॉन्स्टेबल सहित अन्य
पद संख्याः 13591
अंतिम तिथिः 23 दिसंबर
ojas.gujarat.gov.in

**RITES**
पदः असिस्टेंट मैनेजर
पद संख्याः 400
अंतिम तिथिः 25 दिसंबर
rites.com

**मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी**
पदः फिटर सहित अन्य
पद संख्याः 90
अंतिम तिथिः 30 दिसंबर
chayan.mponline.gov.in

**यूरेनियम कॉपोरेशन**
पदः माइनिंग मेट व अन्य
पद संख्याः 107
अंतिम तिथिः 31 दिसंबर
apprent ceshipindia.gov.in

**बीटीएससी**
पदः वर्क इंस्पेक्टर
पद संख्याः 1907
अंतिम तिथिः 5 जनवरी
btsc.bihar.gov.in

### डीटीपी ऑपरेटर, ग्राफिक्स आर्ट डिजाईनर के पदों पर होगी भर्ती

मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग में समूह-3 डीटीपी ऑपरेटर, ग्राफिक्स आर्ट डिजाईनर के रिक्त पदों के लिए व्यापमं ने आवेदन मंगाया है। व्यापमं ने परीक्षा की संभावित तिथि 1 मार्च 2026 तय की है। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। अभ्यर्थी व्यापमं के पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। 29 दिसंबर सायं 5 बजे तक अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। 30 दिसंबर से 1 जनवरी 2026 तक त्रुटि सुधार किया जा सकेगा। 23 फरवरी तक प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे।

### स्पेशल टीचर के 3451 पदों पर भर्ती, आवेदन 13 जनवरी तक

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में स्पेशल टीचर के 3451 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया 13 जनवरी 2026 तक चलेगी। इंटरमीडिएट और ग्रेजुएट ट्रेंड असिस्टेंट टीचर सहित विभिन्न पदों पर नियुक्ति होगी। योग्य उम्मीदवारों के पास डीएड, बीएड या स्पेशल एजुकेशन से संबंधित डिप्लोमा होना आवश्यक है। आयु सीमा 21 से 45 वर्ष तक निर्धारित है। चयन प्रक्रिया रिटन एग्जाम और दस्तावेज़ सत्यापन के आधार पर होगी। सैलरी अधिकतम 92,300 रुपए प्रतिमाह तक मिलेगी। अधिक जानकारी ऑफिसियल वेबसाइट jssc.jharkhand.gov.in पर प्राप्त कर सकते है।

# नवा रायपुर में बनेगा अत्याधुनिक औषधि परीक्षण प्रयोगशाला

अत्याधुनिक परीक्षण सुविधा से प्रदेश की स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़त मिलेगी

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप नवा रायपुर में इंटीग्रेटेड खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला सह एफडीए भवन के निर्माण के लिए 46 करोड़ 49 लाख 45 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह परियोजना मुख्य बजट 2025-26 की प्रमुख घोषणाओं में शामिल थी, जिसे अब निर्मित रूप देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

#### नवा रायपुर में 1.5 एकड़ भूमि आवंटित

इस बहुउद्देशीय प्रयोगशाला के निर्माण के लिए नवा रायपुर में 1.5 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में रायपुर स्थित प्रयोगशाला केवल 5,000 वर्ग फीट क्षेत्र में संचालित हो रही है। सीमित स्थान के कारण परीक्षण क्षमता भी काफी कम रही है।



नई प्रयोगशाला 30,000 वर्ग फीट क्षेत्र में भूतल, प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल पर निर्मित होगी और आधुनिकतम मशीनरी से लैस होगी।

#### परीक्षण क्षमता में वृद्धि

**रासायनिक परीक्षणः**
वर्तमान क्षमताः 500–800 नमूने/वर्ष
नई क्षमताः 7000–8000 नमूने/वर्ष
**माइक्रोबायोलॉजिकल परीक्षणः**
इंजेक्शन, आई ड्रॉप आदि के 2000 नमूने/वर्ष
**मेडिकल डिवाइस परीक्षणः**
राज्य में पहली बार, 500 नमूने/वर्ष
**फार्मास्यूटिकल्स परीक्षणः**
वर्तमानः 50 नमूने/वर्ष
नई क्षमताः 1000 नमूने/वर्ष

#### अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होगी नई प्रयोगशाला

प्रस्तावित प्रयोगशाला में ड्रग परीक्षण, खाद्य परीक्षण और इनफोर्समेंट से संबंधित हाई-टेक उपकरण शामिल होंगे। अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से परीक्षण प्रक्रिया अधिक तेज, सटीक और पारदर्शी होगी। इससे प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण दवाओं और खाद्य उत्पादों के प्रमाणन में तेजी आएगी।

#### स्वास्थ्य मंत्री ने व्यक्त किया आभार

स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना राज्य की स्वास्थ्य सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार जनता को शुद्ध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ एवं दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

*स्रोत : https://dprcg.gov.in/*

### SSC जीडी कॉन्स्टेबल के 25,487 पदों पर भर्ती

कर्मचारी चयन आयोग (SSC) ने CAPFs, SSF और असम राइफल्स में जीडी कॉन्स्टेबल के 25,487 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। 10वीं पास उम्मीदवार 31 दिसंबर तक ssc.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। पुरुष व महिला दोनों के लिए पदों का आवंटन किया गया है। चयन प्रक्रिया में CBT परीक्षा, शारीरिक परीक्षण, मेडिकल और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन शामिल हैं। आयु सीमा 18-23 वर्ष रखी गई है। चयनित उम्मीदवारों को लेवल-3 के तहत 21,700 से 69,100 रुपए प्रतिमाह वेतन मिलेगा।

### CBSE में 124 नॉन-टीचिंग पदों पर भर्ती, आवेदन 22 दिसंबर तक

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने असिस्टेंट सेक्रेटरी, सुपरिटेंडेंट, जूनियर ट्रांसलेशन ऑफिसर, जूनियर अकाउंटेंट और जूनियर असिस्टेंट सहित 124 नॉन-टीचिंग पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। 18 से 35 वर्ष आयु के योग्य उम्मीदवार 22 दिसंबर तक cbse.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया में टियर-1 और टियर-2 परीक्षा शामिल होगी, जबकि कुछ पदों पर इंटरव्यू नहीं होगा। चयनित उम्मीदवारों को पे लेवल-2 से 10 के अनुसार वेतन मिलेगा।

### विद्युत वितरण कंपनी में 4009 पदों पर भर्ती, आवेदन 21 जनवरी तक

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने 4009 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। आवेदन प्रक्रिया 20 दिसंबर से शुरू होगी और 21 जनवरी तक चलेगी। उम्मीदवार mpwz.co.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विभिन्न पदों के लिए बीटेक, बीई, डिप्लोमा, आईटीआई से लेकर 12वीं पास तक योग्यताएँ मान्य हैं। आयु सीमा 18 से 40 वर्ष रखी गई है, जबकि आरक्षित वर्ग को छूट मिलेगी। चयन रिटन टेस्ट और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर होगा।

### एसबीआई में 996 पदों पर भर्ती, आवेदन 23 दिसंबर तक

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने मैनेजर, डिप्टी मैनेजर और कस्टमर रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव सहित कुल 996 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। उम्मीदवार 23 दिसंबर 2025 तक recruitment.sbi.bank.in पर आवेदन कर सकते हैं। कॉन्ट्रैक्ट अवधि 5 वर्ष होगी जिसे 4 वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा। पदों में वीपी हेल्थ (506), एवीपी वेल्थ (206) और कस्टमर रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव (284) शामिल हैं। चयन प्रक्रिया में शॉर्टलिस्टिंग और इंटरव्यू शामिल हैं।

**रोजगार और नियोजन**

प्रधान संपादक
**डॉ. रवि मित्तल**
संपादक
**जवाहर लाल दरियो**
महाप्रबंधक
**हीरालाल देवांगन**
उप महाप्रबंधक (विपणन)
**नितिन शर्मा**
सहायक संपादक
**गीतांजलि नेताम**
संपादकीय
**संदीप सिन्हा**
ग्राफिक डिजाइन-इलेस्ट्रेशन
**धनेश कुमार दिवाकर**
डाटा एंट्री आपरेटर
**अंजुलानी, राकेश साहू**
वितरण व्यवस्था
**विक्रांत ताम्रकार**

- कार्यालय पता -
छत्तीसगढ़ संवाद
(छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग का उपक्रम)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19,
अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)
फोन-0771-2512582, 2512583
ईमेल पता
rojgaraurniyojan@gmail.com

रोजगार और नियोजन में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। रोजगार और नियोजन में प्रकाशित होने वाले लेखों के लिए लेखकों को नियमानुसार मानदेय प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र रायपुर रहेगा।

# छत्तीसगढ़

### मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सैनिक कल्याण में दिया योगदान

राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सैनिकों और शहीद परिवारों के कल्याण हेतु योगदान दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के सचिव ब्रिगेडियर विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री को सम्मान बैज प्रदान किया और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सैनिकों के साहस, त्याग और राष्ट्रसमर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने नागरिकों से भी सैनिकों और शहीद परिवारों के प्रति जिम्मेदारी और सहयोग की भावना बनाए रखने का आह्वान किया।

### अंबागढ़ चौकी को राजस्व अनुभाग बनाने और ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के अंबागढ़ चौकी में आयोजित जनजाति गौरव दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आदिवासी समाज के विकास और कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। मुख्यमंत्री ने समारोह के दौरान अंबागढ़ चौकी को राजस्व अनुभाग बनाने और सर्व सुविधायुक्त ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने 475 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना की 22वीं किस्त की राशि लाभार्थी महिलाओं के खातों में अंतरण किया।

### छत्तीसगढ़ में ई-गजट पोर्टल का शुभारंभ

छत्तीसगढ़ में ई-गजट ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने किया। इस पोर्टल से अब सभी विभाग और जिला कलेक्टर आदेश, अधिसूचनाएँ एवं अध्यादेश सीधे डिजिटल रूप में अपलोड कर सकते हैं। इससे राजपत्र प्रकाशन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन, त्वरित और पेपर-लेस होगी। नई प्रणाली पारदर्शिता, सुलभता और रिकॉर्ड प्रबंधन को बढ़ाएगी। ई-गजट पोर्टल लागू होने से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और डिजिटल शासन को मजबूती मिलेगी। यह पहल राज्य में आधुनिक ई-गवर्नेंस की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### नया रायपुर में एडुसिटी से शिक्षा क्रांति

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से नारसी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (NMIMS) के प्रतिनिधि श्री जगदीश वी पारिख ने मुलाकात कर नया रायपुर में कैंपस स्थापना का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एडुसिटी के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की उच्च शिक्षा, आधुनिक प्रयोगशालाएँ और रोजगार के अवसर मिलेंगे। राज्य सरकार नए रायपुर को एजुकेशनल हब के रूप में विकसित कर रही है, जिसमें मल्टी-डिसिप्लीनरी यूनिवर्सिटी, रिसर्च सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी और इन्क्यूबेशन हब शामिल हैं। इससे युवाओं का कौशल विकास और रोजगार सुनिश्चित होगा।

### जस्टिस वर्मा को स्थायी जज बनाने की मंजूरी



सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट का स्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। वे 23 जनवरी 2024 को अतिरिक्त न्यायाधीश बने थे। निर्णय चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाले कोलेजियम ने लिया।

### छत्तीसगढ़ में रक्षक पाठ्यक्रम के लिए आयोग और 6 विश्वविद्यालयों में एमओयू

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने 6 विश्वविद्यालयों के साथ "रक्षक पाठ्यक्रम" शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में एमओयू किया। यह देश का पहला बाल अधिकार आधारित एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा होगा, जो युवाओं को सुरक्षित बचपन, संरक्षण से जुड़े कानून, योजनाओं और व्यावहारिक कौशल का प्रशिक्षण देगा। मुख्यमंत्री ने इसे सुशासन और संवेदनशील समाज निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। महिला एवं बाल विकास तथा उच्च शिक्षा मंत्रियों ने इसे ऐतिहासिक और रोजगारोन्मुखी नवाचार कहा।

### नक्सलवाद उन्मूलन में ऐतिहासिक सफलता

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्षों में नक्सलवाद निर्णायक रूप से कमजोर हुआ है और 31 मार्च 2026 तक पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य तेज़ी से प्राप्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 500 से अधिक माओवादी न्यूट्रलाइज हुए और 4,000 से ज्यादा ने आत्मसमर्पण या गिरफ्तारी दी है। नई पुनर्वास नीति, सुरक्षा कैंपों के विस्तार और बुनियादी सुविधाओं की पहुंच से 400 से अधिक गाँव पुनः आबाद हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर अब कृषि, उद्योग और पर्यटन के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है तथा क्षेत्र तेज़ी से विकास की मुख्यधारा में लौट रहा है।

### पहले पेज का शेष

- पहले मूल्य: 26.75 लाख रुपये
- नया मूल्य: 6.30 लाख रुपये
- तालाब/मछली टैंक वाली भूमि पर 1.5 गुना दर, बाउंड्री वॉल और प्लिंथ का मूल्य जोड़ने की व्यवस्था भी समाप्त

**31 दिसंबर तक भेजें संशोधित प्रस्ताव**
केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने निर्देश दिए कि हाल ही में बढ़ाई गई दरों पर प्राप्त ज्ञापनों और सुझावों का परीक्षण कर जिला मूल्यांकन समितियाँ 31 दिसंबर 2025 तक अपने संशोधित प्रस्ताव भेजेंगी। इन्हीं प्रस्तावों के आधार पर आगामी गाइडलाइन दरों की संरचना तैयार की जाएगी।

**संपत्तियों की दरें अब केवल दो प्रकार**
पहले निर्मित संपत्तियों के लिए 21 प्रकार की दरें लागू थीं, जिन्हें घटाकर अब सिर्फ दो प्रकार की दरें कर दिया गया है। इससे मकान, दुकान और अन्य संपत्तियों का मूल्यांकन अब बेहद आसान होगा।

**रियल एस्टेट सेक्टर में संतुलन और नागरिकों को राहत**
केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड के इन सुधारों से पंजीयन और मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल एवं नागरिकों के हितों के अनुरूप बन गई है। राज्य सरकार का उद्देश्य आम जन पर आर्थिक बोझ कम करना और रियल एस्टेट क्षेत्र में संतुलन एवं विश्वास स्थापित करना है।

# राष्ट्रीय

### प्रधानमंत्री कार्यालय का नया परिसर 'सेवा तीर्थ' कहलाएगा

प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) के लिए बनाए जा रहे नए परिसर का नाम 'सेवा तीर्थ' रखा जाएगा। इसे पहले 'एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव' कहा जाता था। वहीं, देशभर के सभी 'राजभवन' का नाम अब 'लोक भवन' और 'राज निवास' का 'लोक निवास' रखा जाएगा। इस संबंध में तेलंगाना और ओडिशा राज्यपाल कार्यालय ने आदेश जारी किया।

### एयर मार्शल तेजबीर सिंह बने भारतीय वायुसेना के DG

एयर मार्शल तेजबीर सिंह ने भारतीय वायुसेना में डायरेक्टर जनरल (इंस्पेक्शन एंड सेफ्टी) का पद संभाला है। इससे पहले वे एयर अटैची (बांग्लादेश), नेशनल डिफेंस कॉलेज में सीनियर डायरेक्टिंग स्टाफ और एयर हेडक्वार्टर्स में असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ के पदों पर कार्यरत रह चुके हैं। उनकी तैनाती वायुसेना की निरीक्षण और सुरक्षा कार्यों को और मजबूत करेगी।

### अक्टूबर तक भारत की नॉन-फॉसिल फ्यूल क्षमता फॉसिल से आगे

अक्टूबर 2025 तक देश की कुल इंस्टॉल्ड बिजली उत्पादन क्षमता 5,05,023 मेगावाट हो गई है। इसमें नॉन-फॉसिल फ्यूल स्रोतों की क्षमता 2,59,423 मेगावाट पहुंच गई है, जो फॉसिल फ्यूल क्षमता 2,45,600 मेगावाट से अधिक है। यह ऊर्जा क्षेत्र में साफ-सुथरी और सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### नौसेना को मिला ब्रह्मोस से लैस युद्धपोत 'तारागिरि'

समुद्र की वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए नौसेना बेड़े में ब्रह्मोस मिसाइल से लैस युद्धपोत तारागिरि भी शामिल कर लिया गया है। मझगांव डॉक शिपबिल्डिंग लि. (एमडीएल) ने प्रोजेक्ट 17-ए के तहत तैयार स्टील्थ फ्रिगेट (युद्धपोत) तारागिरि को भारतीय नौसेना को सौंप दिया। यह नीलगिरि-क्लास की चौथी और एमडीएल में बनी तीसरी फ्रिगेट है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, तारागिरि उसी नाम के पुराने युद्धपोत का आधुनिक रूप है, जिसने 1980 से 2013 तक कुल 33 वर्ष नौसेना में सेवा दी थी। नई तारागिरि उन्नत स्टेल्थ तकनीक, बेहतर मारक क्षमता, अत्याधुनिक ऑटोमेशन और मजबूत सर्वाइवेबिलिटी से लैस है।

### पूर्वोत्तर रेलवे पुलों की सुरक्षा में रोबोटिक गार्ड तैनात

पूर्वोत्तर भारत के रेल पुल अब उन्नत तकनीक से और सुरक्षित होंगे। उत्तर-पूर्व रेलवे ने पहली बार अंडरवाटर रोबोटिक व्हीकल (ROV) तैनात किए हैं, जो नदी के तल तक जाकर पुलों की नींव, पायों और संरचना की गहराई से जांच कर रहे हैं। सराईघाट रेल-सह-सड़क पुल से शुरू हुई इस तकनीक में हाई-रेजोल्यूशन इमेजिंग, 3डी मैपिंग और थर्मल इमेजिंग से पुलों की मजबूती मापी जाती है। अब तक 13 पुल सुरक्षित पाए गए हैं और 2025-26 में 34 पुलों की जांच करने का लक्ष्य रखा गया है। यह कदम बाढ़ और सुरक्षा जोखिम कम करेगा।

### वॉट्सएप और अन्य मैसेजिंग ऐप अब बंद सिम पर नहीं चलेंगे



केंद्र सरकार ने साइबर सुरक्षा नियम कड़े करते हुए नया निर्देश जारी किया है। इसके अनुसार वॉट्सएप, सिग्नल, टेलीग्राम और अन्य मैसेजिंग ऐप केवल चालू सिम के साथ ही काम करेंगे। भारत में ऐप-आधारित संचार सेवाएं देने वाली कंपनियों को 120 दिन के भीतर दूरसंचार विभाग को अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। विभाग ने चेतावनी दी है कि नियमों का पालन नहीं करने पर दूरसंचार अधिनियम-2023 और साइबर सुरक्षा नियमों के तहत कार्रवाई होगी। यह नया नियम वॉट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नल, स्नैपचैट, शेयरचैट और जियोचैट समेत सभी मैसेजिंग ऐप को प्रभावित करेगा।

### भारतीय सेना ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल कॉम्बैट लॉन्च

भारतीय थलसेना ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल कॉम्बैट लॉन्च किया, जिससे सशस्त्र बल की लंबी दूरी की मारक क्षमता और मजबूत हुई है। यह प्रक्षेपण बंगाल की खाड़ी के परीक्षण क्षेत्र से किया गया। सेना ने बताया कि मिसाइल ने उन्नत गाइडेंस और नियंत्रण प्रणालियों के माध्यम से उच्च गति पर स्थिर उड़ान, लक्ष्य साधने की क्षमता और अंतिम चरण में सटीक प्रहार दिखाया। निर्धारित लक्ष्य को बिल्कुल सही भेदते हुए ब्रह्मोस यूनिट्स ने वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रदर्शन साबित किया।

### आधार में अब घर बैठे अपडेट होगा मोबाइल नंबर

यूआईडीएआई ने आधार ऐप में बड़ा बदलाव करते हुए उपयोगकर्ताओं को अब घर बैठे ही आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर अपडेट करने की सुविधा दे दी है। जल्द ही एड्रेस, नाम और ईमेल आईडी अपडेट की सुविधा भी ऑनलाइन उपलब्ध होगी। इससे आधार केंद्रों में लाइन लगाने की आवश्यकता लगभग समाप्त हो जाएगी। नया फीचर दो-स्तरीय सुरक्षित वेरिफिकेशन पर आधारित है पहले ओटीपी वेरिफिकेशन और फिर आधार ऐप के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन।

### सेना ने 7,042 मीटर ऊंचा कांगटो शिखर फतह किया

अरुणाचल प्रदेश की सबसे ऊंची और अजेय मानी जाने वाली चोटी माउंट कांगटो (7,042 मीटर) को भारतीय सेना की पूर्वी कमान ने फतह कर लिया है। लंबे समय से इसे कामेंग हिमालय का अनक्लाइम्ब्ड गार्डियन कहा जाता था। सेना की 18 सदस्यीय टीम को 3 नवंबर को फॉरवर्ड बेस से रवाना किया गया था।

### भारत में तैयार होगा सैन्य विमानों का बड़ा एमआरओ हब

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स (TASL) ने बेंगलुरु में अत्याधुनिक रक्षा एमआरओ केंद्र की नींव रखी है, जहां अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन के सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमानों की सर्विसिंग और ओवरहाल किया जाएगा। यह केंद्र भारत में सैन्य ट्रांसपोर्ट विमानों की मेंटेनेंस क्षमता को मजबूत करेगा। दोनों कंपनियां भारतीय वायुसेना के लिए लगभग 80 हेवी-लिफ्ट ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट खरीद में सी-130जे को प्रमुख दावेदार बना रही हैं।

# अंतरराष्ट्रीय

### रहस्यमयी कण न्यूट्रिनो को ढूंढने के लिए समुद्र में टेलीस्कोप टेस्ट

चीन ने ब्रह्मांड के रहस्यमयी कण न्यूट्रिनो को खोजने के लिए समुद्र में एक खास टेलीस्कोप का परीक्षण किया है। ट्रॉपिकल डीप-सी न्यूट्रिनो टेलीस्कोप समुद्र की सतह से 3,500 मीटर नीचे लगाया जाएगा। यह दुनिया के सबसे ताकतवर न्यूट्रिनो टेलीस्कोप में से एक होगा। न्यूट्रिनो सूक्ष्म कण हैं, जो ब्रह्मांड की चमकीली घटनाओं और कॉस्मिक रे की उत्पत्ति को समझने में मदद करते हैं। ये कण आम पदार्थ से कम टकराते हैं और तारों, ब्लैक होल जैसे घने क्षेत्रों से गुजरकर जानकारी ला सकते हैं, जो फोटॉन या इलेक्ट्रॉन नहीं दे पाते।

### आईएमओ काउंसिल में भारत को रिकॉर्ड जीत, कैटेगरी-B में दोबारा चयन

भारत को इंटरनेशनल मैरीटाइम ऑर्गनाइज़ेशन (IMO) काउंसिल की कैटेगरी-B में रिकॉर्ड 154 वोट मिलकर दोबारा चुना गया है। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मैरीटाइम विज़न की बड़ी सफलता बताया। भारत ने जर्मनी, फ्रांस, कनाडा, यूएई और ब्राज़ील जैसे बड़े समुद्री देशों के साथ शीर्ष समूह में जगह बनाए रखी है। यह उपलब्धि भारत की बढ़ती समुद्री शक्ति, वैश्विक भरोसे और मैरीटाइम सेफ्टी-सस्टेनेबिलिटी में नेतृत्व को मजबूत करती है।

### ITBP प्रमुख प्रवीण कुमार ने BSF DG का अतिरिक्त प्रभार संभाला

ITBP के DG प्रवीण कुमार ने BSF के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। यह जिम्मेदारी पूर्व DG दलजीत सिंह चौधरी के सेवानिवृत्त होने के बाद दी गई। समारोह रायपुर में आयोजित हुआ, क्योंकि दोनों अधिकारी राष्ट्रीय DGs–IGs पुलिस सम्मेलन में शामिल थे। प्रवीण कुमार 1993 बैच के आईपीएस हैं और उन्होंने ITBP, IB और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई हैं। अब तक BSF के 2.70 लाख कर्मियों की सुरक्षा और सीमाओं की निगरानी उनकी देखरेख में होगी।

### भारतीय वैज्ञानिकों ने खोजी नई स्पाइरल गैलेक्सी 'अलकनंदा'

पुणे के एक खगोल भौतिकी संस्थान के दो शोधकर्ताओं ने अब तक की सबसे दूरस्थ सर्पिल आकाशगंगाओं में से एक की खोज की है, जो ब्रह्मांड के केवल 1.5 अरब वर्ष पुराने समय से अस्तित्व में है। हिमालय की नदी के नाम पर 'अलकनंदा' नामित यह आकाशगंगा दर्शाती है ब्रह्मांड पहले की वैज्ञानिक धारणाओं से कहीं अधिक विकसित था। शोधकर्ताओं के अनुसार इतनी सुव्यवस्थित सर्पिल संरचना का इतने प्रारंभिक काल में मिलना आश्चर्यजनक है और यह सिद्धांतों को चुनौती देता है कि जटिल आकाशगंगाएँ कैसे बनीं।

### 'वर्क, वर्क, वर्क' मंत्र के लिए जापानी पीएम को पुरस्कार

जापान की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता साने ताकाइची का नारा 'वर्क, वर्क और वर्क' (काम, काम और काम) साल का सबसे चर्चित नारा बन गया है। अक्टूबर 2025 में पार्टी की प्रमुख बनने के बाद उन्होंने यह नारा दिया। इस नारे को एक निजी समिति ने साल का 'कैचफ्रेज़' घोषित किया है। ताकाइची ने हाल ही में इसका पुरस्कार स्वीकार किया।

### सोशल मीडिया अकाउंट की जांच के बाद ही एच-1 बी वीसा

सोशल मीडिया अकाउंट की जांच के बाद ही एच-1 बी वीज़ा जारी किया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एच-1 बी वीज़ा के लिए यह आदेश जारी किया है। एच-1 बी आवेदकों को अपना सोशल मीडिया अकाउंट सार्वजनिक करना होगा, ताकि अमेरिकी अधिकारी आवेदक की प्रोफ़ाइल, सोशल मीडिया पोस्ट और लाइक्स देख सकें। यदि आवेदक की कोई भी सोशल मीडिया गतिविधि अमेरिकी हितों के प्रतिकूल दिखी, तो एच-1 बी वीज़ा जारी नहीं किया जाएगा। एच-1 बी के आश्रितों (पत्नी, बच्चे और माता-पिता) के लिए एच-4 वीज़ा हेतु भी सोशल मीडिया प्रोफ़ाइल को सार्वजनिक करना अनिवार्य होगा।

### विश्व बैंक समूह में पास्कल डोनोहो की बड़ी नियुक्ति

विश्व बैंक समूह ने पास्कल डोनोहो को नया मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ नॉलेज ऑफिसर नियुक्त किया है। डोनोहो इससे पहले आयरलैंड के वित्त मंत्री और 2020 से यूरोग्रुप के अध्यक्ष रह चुके हैं। वे प्रॉक्टर एंड गैंबल में भी 10 वर्षों तक कार्य कर चुके हैं।

### सूडान ने रूस को रेड सी में नौसैनिक बेस बनाने की अनुमति दी

सूडान ने रूस को अपने तट पर पोर्ट सूडान के पास रेड सी क्षेत्र में नौसैनिक बेस स्थापित करने की अनुमति दी है। यह क्षेत्र दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापार मार्गों में आता है। समझौता 25 साल के लिए हुआ है और हर 10 साल में यह स्वतः बढ़ जाएगा। बेस के जरिए रूस को रणनीतिक और समुद्री पहुंच मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### कोच्चि में 7वां इंडिया इंटरनेशनल सीवीड एक्सपो 29-30 जनवरी को

कोच्चि में 29-30 जनवरी को 7वां इंडिया इंटरनेशनल सीवीड एक्सपो एंड समिट आयोजित होगा। यह दुनिया के सबसे बड़े सीवीड उद्योग आयोजनों में शामिल है। कार्यक्रम में ब्राजील, श्रीलंका, नीदरलैंड और स्वीडन के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पहला फीफा शांति पुरस्कार

वाशिंगटन में फीफा-2026 विश्व कप ड्रॉ के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पहले फीफा शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने यह सम्मान उन्हें प्रदान किया। यह पुरस्कार हाल ही में वैश्विक शांति प्रयासों को सम्मानित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। सम्मान ग्रहण करते हुए ट्रम्प ने इसे अपने जीवन के सबसे बड़े सम्मानों में से एक बताया और दुनिया भर में संघर्ष कम कराने में अपनी भूमिका का उल्लेख किया।

### कर्नल प्रतीक राय को ऑस्ट्रेलिया में मिला गेडेस गेवेल पुरस्कार

भारतीय सेना के कर्नल प्रतीक राय को ऑस्ट्रेलियाई डिफेंस कॉलेज में रक्षा रणनीति और अध्ययन पाठ्यक्रम पूरा करने पर गेडेस गेवेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह जानकारी कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग ने दी। उच्चायोग के अनुसार, यह पुरस्कार उस छात्र को दिया जाता है, जो क्षेत्रीय संबंधों और निर्णय लेने को प्रभावित करने वाले कारकों की सबसे अच्छी समझ प्रदर्शित करता है तथा राजनीतिक, कूटनीतिक, सैन्य, सांस्कृतिक और आर्थिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट ज्ञान प्रदर्शित करता है।

# खेल / कला

### लंदन चेस क्लासिक के को-लीडर बने ग्रैंडमास्टर प्रज्ञाननंद

ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञाननंद ने लंदन चेस क्लासिक ओपन 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए टूर्नामेंट के को-लीडर बन गए हैं। उन्होंने छठे राउंड तक 5/6 अंक हासिल किए हैं और इस समय सर्बिया के ग्रैंडमास्टर वेलिमिर इविक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञाननंद ने हंगरी के ग्रैंडमास्टर टॉमस फोडोस जूनियर के खिलाफ सिर्फ 21 चालों में ड्रॉ खेलकर की, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए इज़राइल के इंटरनेशनल मास्टर एटन रोजेन को हराया।

### हांगकांग मास्टर्स एशिया कप, भारत ने दोनों वर्गों में जीता गोल्ड

भारत ने हांगकांग में आयोजित हांगकांग मास्टर्स एशिया कप 2025 में 40 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुष और महिला मास्टर्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। हांगकांग फुटबॉल क्लब में 26 से 30 नवंबर तक हुई विश्व मास्टर्स हॉकी एशिया चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष टीम ने ग्रुप चरण में हांगकांग को 4-0 और 5-4 तथा सिंगापुर को 4-0 और 3-2 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में भारत ने ग्रुप चरण में सिंगापुर को 7-2 से हराया, जबकि हांगकांग के साथ 1-1 का ड्रॉ खेला। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ उसे 2-4 से पराजय झेलनी पड़ी, लेकिन फाइनल में हांगकांग को 2-0 से हराकर खिताब जीता।

### भारत ने एशियाई घुड़सवारी में जीते पांच पदक

भारत ने थाईलैंड के पटाया में आयोजित इवेंटिंग और ड्रेसेज स्पर्धाओं में कुल पाँच पदक जीतकर एफईआई एशियाई घुड़सवारी चैंपियनशिप में अपना अभियान समाप्त किया। टारगेट एशियाई खेल समूह (TAGG) योजना के खिलाड़ी आशीष लिमये ने इवेंटिंग में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने के साथ-साथ अपने साथियों शशांक सिंह कटारिया और शशांक के. कनमुरी के साथ मिलकर टीम रजत भी जीता। ड्रेसेज स्पर्धा में श्रुति वोरा ने तीन रजत पदक हासिल किए। उन्होंने एक रजत व्यक्तिगत वर्ग में, दूसरा इंटरमीडिएट I फ्रीस्टाइल में और तीसरा ड्रेसेज टीम स्पर्धा में जीता। भारतीय टीम में TAGG खिलाड़ी दिव्यकृति सिंह, गौरव पुंडीर और श्रुति वोरा शामिल थीं।

### डेविस कप: रोहित राजपाल फिर बने भारत के कप्तान

इंडिया टेनिस एसोसिएशन (एआईटीए) ने रोहित राजपाल को फिर से भारत की डेविस कप टीम का गैर-खिलाड़ी कप्तान नियुक्त किया है। रोहित 31 दिसंबर 2026 तक इस पद पर बने रहेंगे। उनके अलावा आशुतोष सिंह को डेविस कप टीम का कोच बनाया गया है। इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) द्वारा घोषित ड्रॉ के अनुसार भारत फरवरी 2026 में डेविस कप क्वालीफायर में नीदरलैंड्स की मेजबानी करेगा।

### निहारिका नाग बनी राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, शंकरगढ़ की छात्रा निहारिका नाग ने मिट्टीकला में राष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। पहले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उन्होंने आंध्र प्रदेश में आयोजित उद्भव 2025 में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निहारिका की सफलता में उनके कला शिक्षक और विद्यालय प्राचार्य का मार्गदर्शन अहम रहा। सीमित संसाधनों के बावजूद उनके समर्पण और मेहनत ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। इस उपलब्धि से न केवल उनका, बल्कि विद्यालय और राज्य का भी मान बढ़ा है।

### अंतरराष्ट्रीय पोलो में छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक उपलब्धि

इंफाल में आयोजित 15वें मणिपुर अंतरराष्ट्रीय पोलो टूर्नामेंट में पहली बार हिस्सा लेकर छत्तीसगढ़ ने इतिहास रच दिया। अमेरिका, कोलंबिया और इंडियन पोलो एसोसिएशन जैसी टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा कर राज्य ने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। "खेल से शक्ति" पहल के तहत दंतेवाड़ा और कांकेर के आदिवासी युवाओं को मिले प्रशिक्षण ने इस सफलता में अहम भूमिका निभाई। टीम में ले. कर्नल अमन सिंह, वेदिका शरण सहित कई खिलाड़ी शामिल रहे।

### सुनील नरेन ने रचा इतिहास, टी-20 क्रिकेट में पूरे किए 600 विकेट

वेस्टइंडीज के दिग्गज स्पिनर सुनील नरेन टी-20 क्रिकेट में 600 विकेट पूरे करने वाले दुनिया के तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि अफगानिस्तान के राशिद खान और वेस्टइंडीज के ही ड्वेन ब्रावो के नाम दर्ज है। नरेन ने यह मुकाम ILT-20 लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए हासिल किया और टी-20 क्रिकेट में अपनी धाक फिर से साबित की।

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी फिर ओवरऑल चैंपियन

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 42 स्वर्ण, 14 रजत और 11 कांस्य सहित कुल 67 पदक जीतकर लगातार दूसरी बार ओवरऑल चैंपियन का खिताब बरकरार रखा। ओलंपियन श्रीहरि नटराज नौ स्वर्ण और दो रजत के साथ सबसे सफल खिलाड़ी रहे, जिनके प्रदर्शन से जैन यूनिवर्सिटी ने 27 स्वर्ण समेत 45 पदक जीते। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने कैनो-कयाकिंग में 30 में से 23 स्वर्ण अपने नाम किए। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी 78 पदक (32 स्वर्ण) के साथ उपविजेता रही, जबकि गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी ने 32 स्वर्ण समेत कुल 72 पदक हासिल किए।

### सीमा पूनिया पर 16 महीने का प्रतिबंध

एशियन गेम्स 2014 में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय डिस्कस थ्रोअर सीमा पूनिया पर डोपिंग टेस्ट में विफल पाए जाने के कारण 16 महीने का प्रतिबंध लगाया गया है। नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (NADA) ने 42-वर्षीय सीमा को प्रतिबंधित पदार्थ लेने का दोषी पाया। इसके अलावा महिला धावक पूजा यादव पर पाँच साल, शॉट-पुटर मनजीत कुमार पर छह महीने और धावक निकेश पर चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है।

### एशियन गेम्स 2026: सहदेव होंगे भारतीय दल के शेफ़-डी- मिशन

इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन (IOA) के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव को 2026 में होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय दल का शेफ़-डी- मिशन घोषित किया गया है। इन खेलों का आयोजन जापान के एची और नागोया में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक किया जाएगा।

# बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट, बिलासपुर (चकरभाठा)

## Bilasa Devi Kevat Airport Bilaspur (Chakarbhatha)

### Directorate of Aviation, Government of Chhattisgarh

क्रमांक 303/BDKAB/नो.अधि. /2025-26 बिलासपुर दिनांक 03/12/2025

### संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन

विमानन संचालनालय, केपिटल कॉम्पलेक्स महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर छ.ग. के पत्र क. ESTB-101(2)/42/2025/DOA/994 नवा रायपुर दिनांक 25/11/2025 के द्वारा बिलासपुर एयरपोर्ट हेतु स्वीकृत पद पर "संविदा पर पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 26/12/2025 तक निर्धारित प्रारुप में आवेदन आमंत्रित किया जाता है :-

| क्रमांक | पद का नाम | विशेष संविदा वेतन | वेतनमान | पद संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Chief Security Officer | 60000.00 | वे.मे.ले.-13 | 01 (अनारक्षित) |
| 2 | Assistant Executive | 50800.00 | वे.मे.ले.-12 | 01 (अनारक्षित) |
| 3 | Accountant | 23350.00 | वे.मे.ले.-06 | 01 (अनारक्षित) |
| 4 | Assistant Grade -III | 18000.00 | वे.मे.ले.-04 | 01 (अनारक्षित) |
| | योगः- | | | 04 |

**शैक्षणिक अर्हतायें :-**

स.क्र.-(1) Chief Security Officer के पद हेतु योग्यता निम्नानुसार है :-

1. Minimum Educational Qualification: Graduation or equivalent.
2. In-depth knowledge of international regional and national aviation security regulations.
3. Experience in aviation security operations: or experience in other security related law enforcement fields such as police, security, intelligence and Investigative Agencies, However, preference shall be given to qualified professionals having adequate experience in aviation security.
4. It shall be mandatory requirement for them to qualify Aviation Security Basic Course within three months of joining unless exempted by the DG, BCAS.

**स.क्र.- (2) Assistant Executive के पद हेतु योग्यता निम्नानुसार है :-**

1. B.E. or B.Tech./B.Sc. (Aviation)/B.Sc. (PCM) (Regular Course).
   Or
   Senior Non Commisioned/Non Comminssioned officer with ATC/ADSIO/SFSIO and equivalent qualificaton.
2. Minimum 2 years experience in Airoport Operation/Air Traffice Control/Air Defence Operation/Flight Safety or Pilot/Trainee (With Minimum 40 hrs) flying experience.

**स.क्र.-(3) Accountant हेतु निर्धारित योग्यता का विवरण निम्नानुसार है :-**

1. B.Com with ICWA/CA/MBA full time regular (two years duration) with specialization in finance.

स.क्र.- (4) Assistant Grade-III पद की नियुक्ति हेतु छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्र. एफ 9-1/2008/ 1-3 रायपुर दिनांक 01.02.2013 एवं आदेश क्र. एफ 9-1/2008/एक-3 नवा रायपुर दिनांक 03.02.2022 के अनुसार योग्यता/अर्हता निम्नानुसार है :-

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।
2. शासन से मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा / प्रमाण-पत्र तथा, कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 (Key) डिप्रेशन प्रतिघण्टा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)।
3. मान्यता प्राप्त मंडल / संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एव साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5000 (Key) डिप्रेशन प्रतिघण्टा की गति (गति के सबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र।

**सामान्य निर्देश :-**

1. अभ्यर्थी को लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम उल्लेखित किया जाना अनिवार्य होगा।
2. यदि उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो अतिरिक्त योग्यता एवं उपयुक्तता वाले अभ्यर्थियों को छूट दी जाएगी।
3. विज्ञापन में उल्लेखित सभी व्यावसायिक योग्यताओं के प्रमाण पत्र की प्रतियां आवेदन के साथ संलग्न करनी होगी।
4. आवेदन पत्र के ऊपरी दाहिने कोने पर अभ्यर्थी का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाया जाना चाहिए।
5. सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/स्वायत्त संगठन के अंतर्गत कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना होगा एवं उम्मीदवार को व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. अधूरी, त्रुटिपूर्ण या गलत जानकारी वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। नियुक्तिकर्ता अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों / नियुक्तियों को अस्वीकार कर सकती है।
7. छत्तीसगढ़ सिविल सेवा संविदा नियुक्ति नियम 2012 (विभागीय सेवा नियम सहित) चयनित अभ्यर्थी पर लागू होगा।
8. सरल क्रमांक 01 से 03 में उल्लेखित पद हेतु न्यूनतम आयु 21 वर्ष और अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी तथा सरल क्रमांक 04 में उल्लेखित पद हेतु न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी। छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग (नियम शाखा) मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के परिपत्र कं. एफ 3-2/2015/1-3 नवा रायपुर दिनांक 03/08/2024 के अनुसार छ.ग. के निवासी अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट की पात्रता होगी तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर कीमीलेयर) के अभ्यर्थी के सबंध में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट पृथक से होगी। इस प्रकार एक से अधिक आधार पर छूट के उपरांत अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। कोई अभ्यर्थी जो छत्तीसगढ़ के भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने की अनुज्ञा दी जाएगी बशर्ते इसके परिणाम स्वरूप जो आयु हो, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

(क) आयु की गणना दिनांक 01-01-2025 के अनुसार की जाएगी।

(ख) आयु प्रमाण के लिए केवल 10वीं और 12वीं की अंकसूची ही स्वीकार की जाएगी।

9. छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय नागरिक को प्राथमिकता दी जायेगी, बशर्ते वह सभी योग्यता मापदण्डों को पूरा करता हो।
10. चयन प्रक्रिया के लिये, विभागीय चयन नियम के शेष शर्ते लागू होंगे।
11. निश्चित मासिक संविदा वेतन दिया जाएगा (जिसमें मकान, वाहन, चिकित्सा एवं अन्य सभी भत्ते शामिल हैं)।
12. अनुबंध की अवधि 01 वर्ष के लिए होगी और प्रदर्शन, ईमानदारी और आपसी सहमति के आधार पर आगे की अवधि के लिए बढ़ाई जा सकेगी।
13. अभ्यर्थी को अपने कर्तव्य के लिए चिकित्सकीय एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए।
14. किसी भी स्तर पर भर्ती प्रक्रिया में नियमों में संशोधन भर्ती प्रक्रिया निरस्त करने का संपूर्ण अधिकार कलेक्टर बिलासपुर का होगा।
15. किसी भी स्तर में विवाद उत्पन्न होता है तो कलेक्टर बिलासपुर का निर्णय मान्य एवं अंतिम होगा।

**चयन प्रक्रियाः-** योग्य उम्मीदवारों को एक पद के लिए 10 अभ्यर्थियों के अनुपात में साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उच्च योग्यता और अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**क्रमशः**

**योग्यता के लिए चयन मापदण्ड/अंकों का महत्व :-**

**01 Chief Security Officer:-**

| क्रमांक | शैक्षणिक योग्यता | अंक |
|---|---|---|
| 1 | BCAS Basic AvSec qualified security Officer | 10 |
| 2 | Having experience of Aviation security as an Executive. (Minimum 5 years experience) | 20 |
| 3 | Having qualificaton/Training in security Audit/Screeners | 10 |
| 4 | Chhattisgarh Native (Certificate issued by the competent authority) | 5 |
| 5 | Interview | 5 |
| | योग | 50 |

**02 Assistant Executive:-**

| क्रमांक | शैक्षणिक योग्यता | अंक |
|---|---|---|
| 1 | BE or B.Tech./B.SC. (Aviation)/ B.SC. (PCM) (Regular Course) Or Senior non commissioned/Non commissioned officer with ATC/ADSIO/SFSIO and equivalent qualification. | 20 |
| 2 | Minimum 2 years experience in Airport Operation/Air Traffic Control/Air Defence Operation/Flight safety or Pilot/ Trainee Pilot (with minimum 40 hrs.) flying experience. (2 years experience 10 Point& per year in addition 5 point Maximum 20 point) | 20 |
| 3 | Chhattisgarh Native (Certificate issued by the competent authority) | 5 |
| 4 | Interview | 5 |
| | योग | 50 |

**03 Accountant:-**

| क्रमांक | शैक्षणिक योग्यता | अंक |
|---|---|---|
| 1 | B.Com with ICWA/CA/MBA full time regular (two years duration) with specialization in finance. | 70 |
| 2 | Experience for each year (Experience as Accountant in any office of the state govt./state local body 05 point per year maximum 20 point) | 20 |
| 3 | Chhattisgarh Native (Certificate issued by the competent authority) | 5 |
| 4 | Interview | 5 |
| | योग | 100 |

**04 Assistant Grade-III**

| क्रमांक | शैक्षणिक योग्यता | अंक |
|---|---|---|
| 1 | मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण। ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा ग्रेडयुक्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है उनकों संस्था प्रमुख का अंकसूची/प्रमाण पत्र, जिसमें शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का उल्लेख हो प्रस्तुत करना होगा अथवा अंकसूची प्रस्तुत नहीं करने पर ग्रेड के न्यूनतम अंक को आधार मानकर शैक्षणिक योग्यता के लिये अंक का निर्धारण किया जायेगा। (न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता के प्राप्तांक के प्रतिशत का 60 प्रतिशत वेटेज प्रदाय किया जाएगा) | 60 प्रतिशत |
| 2 | शासन से मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/ प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र तथा, 30 कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5,000 (Key) डिप्रेशन प्रतिघण्टा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)। | 30 प्रतिशत |
| 3 | छत्तीसगढ़ निवासी प्रमाण पत्र। (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र) | 5 |
| 4 | साक्षात्कार | 5 |
| | योग | 100 |

नोडल अधिकारी
बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट
चकरभाठा, बिलासपुर (छ.ग.)

**आवेदन पत्र का प्रारुप**

**प्रति,**

**नोडल अधिकारी**
**बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट**
**चकरभाठा, बिलासपुर (छ.ग.)**
**पिन कोड-495220**

स्वप्रमाणित पासपोर्ट फोटो

1. आवेदित पद का नाम :--------------------------------
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :--------------------------------
   आवेदक का पूरा नाम (अंग्रेजी में) :--------------------------------
3. पिता/पति का नाम :--------------------------------
4. अ. जन्म तिथि (अंको में) :--------------------------------
   ब. जन्म तिथि (शब्दों में :--------------------------------
   स. आयु सीमा में छूट चाहते है हां/नहीं :--------------------------------
   द. आयु सीमा में छूट का आधार- :--------------------------------
   (प्रमाण पत्र संलग्न करें)
5. लिंग (पुरुष/महिला) :--------------------------------
6. जाति/वर्ग :--------------------------------
   (अनु.जा./अनु.ज.जा/अन्य पिछड़ा वर्ग होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण संलग्न करें)
7. शैक्षणिक योग्यता :-------

| क्र | परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

8. पत्र व्यवहार का वर्तमान पूर्ण पता :--------------------------------
   दूरभाष नं. सहित ई-मेल आईडी :--------------------------------
9. स्थाई पता :--------------------------------
   :--------------------------------
10. छ.ग. के मूल निवासी हां / नहीं :--------------------------------
    (प्रमाण पत्र संलग्न करें)
11. अनुभव :--------------------------------
    (प्रमाण पत्र सलग्न करें)
12. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :-
    1.----------2-----------3-----------4------------5--------------
    6.----------7-----------8-----------9------------10-------------

दिनांक :-------------
स्थानः----------

**आवेदक के हस्ताक्षर एवं नाम मोबाईल नं.**

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण एवं संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी के अनुसार है, यदि उपरोक्त तथ्य असत्य पाया जाता है तो मेरी उम्मीद्वारी/नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी।

दिनांक :--------------
स्थान :---------------

**आवेदक के हस्ताक्षर**

# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

## नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ०ग०)

दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204, वेबसाईटः www.psc.cg.gov.in

क्रमांक/2101/5536/2025/EXAM 1278 नवा रायपुर, दिनांक 4/12/2025

**कोर्ट मैनेजर (प्रारंभिक) परीक्षा 2025 की समय-सारणी**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 03/2025/परीक्षा/दिनांक 25.09.2025 के तहत कोर्ट मैनेजर (प्रारंभिक) परीक्षा 2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 04 जनवरी 2026 (रविवार) को जिला बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई एवं रायपुर (छ.ग.) के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी, जिसकी समय सारणी निम्नानुसार है :-

| DATE | DAY | TIME |
|---|---|---|
| 04.01.2026 | SUNDAY | 10:00 AM TO 12:00 PM |

उक्त परीक्षा हेतु आयोग द्वारा प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि के 10 दिवस पूर्व जारी किया जावेगा। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र अथवा प्रवेश पत्र जारी किए जाने संबंधी कोई सूचना या SMS व्यक्तिशः नहीं भेजा जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर

**आर.ओ.204/जी-252605307/5**

# कार्यालय जिला पंचायत महासमुन्द (छ.ग.)

**दूरभाष क्र. 07723-223834 फोन नं. 224036 Email-zp-msamund.cg@nic.in**

क्रमांक/7680/पंचा./RGSA/2025-26 महासमुन्द, दिनांक 04/12/2025

## संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन

